प्रादेशिक समाचार
दिनांक–21.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश को हर क्षेत्र में ऊर्जावान नेताओं की आवश्यकता है क्योंकि भारत एक वैश्विक ऊर्जा के केन्द्र के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप–सोल कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व स्तरीय शासन और नीति बनाने वाले पारिस्थितिकी तंत्र के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19 वीं किस्त जारी करेंगे। यह योजना तीन समान किस्तों में किसानों को प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए छह हजार रुपये प्रतिवर्ष प्रदान करती है। आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश भर के दो करोड़ 50 लाख किसान इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अब तक कुल तीन लाख 46 हजार करोड़ रुपये जारी किये जा चुके हैं। श्री चौहान ने कहा कि इस योजना से छोटे किसानों के जीवन में एक बड़ा बदलाव आया है।

*******************

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कल रांची स्थित चैंबर भवन में संवाद–दो कार्यक्रम आयोजित करेगा। कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय शामिल होंगे। चौंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि इसका उद्देश्य व्यापार–उद्योग की समस्याओं पर ठोस पहल करना है।

*******************

कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी के. राजू पांच दिवसीय दौरे पर आज रांची पहुंचे हैं। रांची एयरपोर्ट पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के नेतृत्व में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत में श्री राजू ने कहा कि वे अगले पांच दिन राज्य में संगठन के सशक्तीकरण को लेकर पार्टी नेताओं के साथ विचार–विमर्श करेंगे। आज पार्टी प्रदेश मुख्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ उनकी बैठक होगी। वे 25 फरवरी तक राज्य के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे और एक दर्जन से ज्यादा जिलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य में पार्टी की स्थिति की समीक्षा करेंगे।

*******************

राज्य भर में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पाकुड़ जिले में 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसका शुभारंभ उपायुक्त मनीष कुमार ने किया। मौके पर पुलिस अधीक्षक समेत कई अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने बताया कि जिले में अब तक 80 प्रतिशत लोगों ने दवा का सेवन कर लिया है।

*******************

दुमका का ऐतिहासिक जनजातीय हिजला मेला महोत्सव आज से शुरू हो रहा है। अब से थोड़ी देर बाद मेले का उद्घाटन होगा। इससे पहले मेले की सफलता को लेकर मेला प्रांगण स्थित मरांग बुरू थान में हिजला गांव के लोगों ने मांझी सुनीलाल हांसदा के नेतृत्व में पूजा अर्चना की। ग्राम प्रधान और नायके ने लोगों से सौहार्द पूर्ण माहौल में मेले का आनंद उठाने और अपनी विरासत को बचाए रखने की अपील की।

*******************

फीबा बास्केटबॉल एशिया कप 2025 के क्वालीफायर राउंड में भारतीय पुरुष टीम का मुकाबला आज शाम तेहरान में ईरान के साथ होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे से खेला जाएगा। फीबा विश्व रैंकिंग में 78वें स्थान पर मौजूद भारत, ईरान, कजाकिस्तान और कतर के साथ ग्रुप ई में है। पांच अंकों के साथ, भारत वर्तमान में ईरान और कतर के बाद समूह में तीसरे स्थान पर है। भारत का अगला मैच सोमवार को कतर से होगा।

*****समाप्त*****